# FIEM INDUSTRIES LIMITED

Light Up The World

**Regd. Office:** D-34, DSIDC Packaging Complex, Kirti Nagar, New Delhi-110015 (INDIA) **Tel.:** +91-11-25927820, 25927919
**Fax:** +91-11-2592 7740 **E-mail :** investor@fiemindustres.com
**Website:** www.fiemindustries.com **CIN :** L36999DL1989PLC034928

## NOTICE OF 32ND ANNUAL GENERAL MEETING, REMOTE E-VOTING AND BOOK CLOSURE

**NOTICE IS HEREBY GIVEN THAT the 32nd Annual General Meeting ("AGM") of the members of Fiem Industries Limited ("the Company") will be held on Tuesday, September 21, 2021 at 10:30 a.m. through Video Conference ("VC") / Other Audio Visual Means ("OAVM")** facility without the physical presence of the Members at a common venue in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circular Nos.14/2020, 17/2020, 20/2020 and 02/2021dated April 8, 2020, April 13, 2020, May 5, 2020 and January 13, 2021 respectively, issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circulars") and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 and SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated 12th May 2020 and January 15, 2021 respectively issued by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI Circulars").

In terms of MCA Circulars and SEBI Circulars, the Notice of the AGM and the Annual Report for the financial year 2020-21 including the Audited Financial Statements for the financial year ended March 31, 2021 ("Annual Report") has been sent by email to those Members whose email addresses are registered with the RTA /Depository Participant. The requirements of sending physical copy of the Notice of the AGM and Annual Report to the Members have been dispensed with vide MCA Circulars and SEBI Circulars.

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended, Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and Secretarial Standard on General Meetings (SS-2) issued by the Institute of Company Secretaries of India, the Company is pleased to provide e-voting facility to its members as an alternate mode to exercise their right to vote on the resolutions proposed to be passed at the AGM. The remote electronic voting system ("remote e-voting") will be provided by Link Intime India Pvt. Ltd. **(LIIPL).**

**All the members hereby informed that:**

**a)** The ordinary and special business as set out in the Notice of AGM may be transacted through voting by electronic means;

**b)** Day, date, time of commencement of remote e-voting: **Friday, September 17, 2021 (1000 Hours IST);**

**c)** Day, date, time of end of remote e-voting: **Monday, September 20, 2021 (1700 Hours IST).**

**d)** The remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time and the remote e-voting Platform would be disabled by LIIPL thereafter.

**e)** Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of **September 14, 2021** may cast their vote electronically on the Ordinary and Special Business, as set out in the Notice of the AGM through electronic voting system ("remote e-Voting") of LIIPL.

**f)** Members may note that:

- **(i)** the remote e-Voting module shall be disabled by LIIPL after the aforesaid date and time for voting and once the vote on a resolution is cast by the Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently.
- **(ii)** Members who have cast their vote by remote e-Voting prior to the AGM may participate in the AGM through VC/OAVM Facility but shall not be entitled to cast their vote again through the e-Voting system during the AGM.
- **(iii)** Members participating in the AGM and who had not cast their vote by remote e-Voting, shall be entitled to cast their vote through e-Voting system during the AGM.

**g)** Any person, who acquire shares of the Company and become a member of the Company after dispatch of Notice of AGM and holds shares as of the cut-off date i.e. September 14, 2021 may refer to instructions for e-voting as set out in the Notice of the AGM to cast their votes or may send a request at enotices@linkintime.co.in or Call on :- Tel : 022 - 49186000.

**h)** Mrs. Ranjana Gupta, Practicing Company Secretary has been appointed as Scrutinizer for scrutinize the voting by remote e-voting as well as e-voting during the AGM in a fair and transparent manner.

The Notice of the AGM is available on the website of the Company at www.fiemindustries.com on the website of BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com and also on the website of Link Intime (India) Pvt. Limited at https://instavote.linkintime.co.in

NOTICE is further given that pursuant to the provisions of Section 91 of the Companies Act, 2013, the Register of Members and Share Transfer books of the Company will remain closed from Wednesday, September 15, 2021 to Tuesday, September 21, 2021 (both days inclusive) for determining the entitlement of members for final dividend on Equity Shares, if declared at the AGM.

The shareholders, who have not registered their email address & mobile with the Company/RTA/Depositories and/or not updated the Bank Account mandate for receiving the dividend directly in their Bank Account through Electronic Clearing Service (ECS), are again requested to register / update the above details immediately, in the following manner:

**(i) Registering / updating the details with DP:** In case the Shares held in demat mode, it is strongly recommended to such shareholder to register / update the email address, mobile no. and bank account details in his / her demat account as per process advised by the DP.

**(ii) Registering / updating the details with RTA:** In case the shares held in physical mode, the shareholder need to visit to website of our RTA, Link Intime India Private Ltd. at the link https://linkintime.co.in/EmailReg/Email_Register.html and then select Fiem Industries Limited from dropdown list of Companies and fill in the details asked therein, and upload the required documents and submit. Though, shareholders holding shares in Demat mode can register / update his/her details to RTA, however, it is better for such shareholder to register / update these details with their DP only.

In the event, Company is unable to pay the dividend to any member through electronic mode, due to incomplete Bank account details of the member, the Company shall dispatch the dividend warrant/ Bankers' cheque/ demand draft to such Member, at the earliest possible through permissible modes.

In case of any query or grievances in relation to holding the AGM through VC/OAVM, remote e-voting, e-voting during AGM; members may send the same at below mentioned addresses / officer of the Company / RTA:

| Particulars | Fiem Industries Limited | Link Intime India Private Limited |
|---|---|---|
| Address | D-34, DSIDC Packaging Complex, Kirti Nagar, New Delhi-110015 | C-101, 247 Park, L B S Marg, Vikhroli (West) Mumbai-400083 |
| Name & Designation | Mr. Arvind K. Chauhan, Company Secretary | Mr. Rajiv Ranjan Astt. Vice-President |
| Tel: | +91-130- 2367905 to 10 | +91-022-49186000 |
| E-mail ID | investor@fiemindustries.com | enotices@linkintime.co.in |

- **Shareholders are encouraged to exercise their voting rights, e-Voting makes it simpler.**
- **Shareholders are advised to convert their physical shares in dematerialized form for ease of holding, transferability and other associated benefits.**
- **Shareholders are advised to claim their Unpaid Dividend(s) well before transfer to IEPF. Once the Dividend / Shares transferred to IEPF, any claimant of Dividend / shares shall be entitled to claim back the same from IEPF in accordance with prescribed procedure and on submission of necessary documents only.**

**For Fiem Industries Ltd.**
**Sd/-**
**Arvind K. Chauhan**
**Company Secretary**

**Date : August 29, 2021**
**Place : Rai, Haryana**

12x25cm

# फीयम इंडस्ट्रीज लिमिटेड

Light Up The World
पंजीकृत कार्यालय : डी–34, डीएसआईडीसी पैकेजिंग कॉम्प्लेक्स, कीर्ति नगर, नई दिल्ली–110015 (भारत)
फोन : +91–11–25927820, 25927919, फैक्स : +91–11–25927740,
ई–मेल : investor@fiemindustries.com
वेबसाइट : www.fiemindustries.com सीआईएन : L36999DL1989PLC034928

## 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक, रिमोट ई–वोटिंग तथा बही बंदी की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **फीयम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम"), मंगलवार, 21 सितम्बर, 2021 को पूर्वा. 10:30 बजे,** कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020 और 02/2021 क्रमानुसार दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 05 मई, 2020 और 13 जनवरी, 2021 ("एमसीए सर्कुलर्स") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 और सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांकित 12 मई, 2020 और 15 जनवरी, 2021 ("सेबी सर्कुलर्स") के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, **वीडियो कॉन्फ्रेन्स ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम")** सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के निबन्धनों में, एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वित्तीय विवरण शामिल है ("वार्षिक रिपोर्ट"), उन सभी सदस्यों को ई–मेल द्वारा भेजी जा चुकी है, जिनका ई–मेल पता आरटीए/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीबद्ध है। सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के माध्यम से समाप्त कर दी गई है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा संशोधित, के नियम 20, भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 तथा इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों के संबंध में सचिवीय मानक (एसएस–2) के प्रावधानों के अनुसरण में, कम्पनी, इसके सदस्यों को, एजीएम में पारित किए जाने हेतु प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर सदस्यों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा, एक वैकल्पिक विधि के रूप में, उपलब्ध करा रही है। रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई–वोटिंग") लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. (एलआईआईपीएल) द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

**सभी सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि :**

क) एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण तथा विशेष व्यवसाय का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जा सकता है ;

ख) रिमोट ई–वोटिंग आरंभ होने का दिन, तिथि, समय : **शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021 (1000 बजे आईएसटी) ;**

ग) रिमोट ई–वोटिंग समाप्त होने का दिन, तिथि, समय : **सोमवार, 20 सितम्बर, 2021 (1700 बजे आईएसटी) ;**

घ) उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी तथा उसके बाद एलआईआईपीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग प्लेटफार्म निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

ङ) कट–ऑफ तिथि 14 सितम्बर, 2021 को भौतिक अथवा अभौतिक (डीमैटीरियलाइज्ड) रूप में शेयरों के धारक सदस्य एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण तथा विशेष व्यवसायों पर अपना वोट एलआईआईपीएल के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई–वोटिंग") के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं।

च) सदस्यगण नोट करें कि :

(i) एलआईआईपीएल द्वारा उपरोक्त तिथि एवं समय के पश्चात रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा और सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद, सदस्य को उसमें कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।

(ii) जो सदस्य रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट एजीएम से पूर्व डाल चुके होंगे, वे वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम द्वारा पुनः अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

(iii) एजीएम में भाग ले रहे जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला होगा, वे एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम द्वारा अपना वोट डालने के हकदार होंगे।

छ) कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना प्रेषित किए जाने के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि यानी 14 सितम्बर, 2021 को शेयरधारक है, अपना वोट डालने के लिए एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध ई–वोटिंग अनुदेश देख सकता है अथवा enotices@linkintime.co.in पर अनुरोध भेज सकता है अथवा फोन : 022–49188000 पर कॉल कर सकता है।

ज) श्रीमती रंजना गुप्ता, कार्यरत कम्पनी सचिव, को रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोटिंग तथा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग द्वारा मतदान की संवीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.fiemindustries.com पर, बीएसई की वेबसाइट www.bseindia.com पर, एनएसई की वेबसाइट www.nseindia.com पर तथा लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध है।

एतद्द्वारा आगे सूचना दी जाती है कि, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां **बुधवार, 15 सितम्बर, 2021 से मंगलवार, 21 सितम्बर, 2021** (दोनों दिन सहित) तक इक्विटी शेयरों पर अंतिम लाभांश, यदि एजीएम में घोषित किया जाता है, प्राप्त करने का अधिकार निर्धारित करने हेतु बंद रहेंगी।

जिन शेयरधारकों ने अपना ई–मेल पता एवं मोबाइल कम्पनी/आरटीए/डिपॉजिटरीज के पास पंजीबद्ध नहीं करवाया है तथा/अथवा लाभांश इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विसेज (ईसीएस) के जरिए सीधे अपने बैंक खाते में प्राप्त करने के लिए बैंक खाता आदेश अद्यतन नहीं करवाया है, उनसे उपरोक्त विवरण तत्काल, निम्नलिखित विधि में पंजीबद्ध/अद्यतन करवाने हेतु पुनः अनुरोध किया जाता है।

(i) **डीपी के पास विवरण पंजीकरण/अद्यतनीकरण :** यदि शेयर डीमैट रूप में धारित हैं, ऐसे शेयरधारकों को दृढ़तापूर्व सलाह दी जाती है कि वे अपना ई–मेल पता, मोबाइल नंबर तथा बैंक खाता विवरण अपने डीमैट खाते में, डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत/अद्यतित करवा लें।

(ii) **आरटीए के पास विवरण पंजीकरण/अद्यतनीकरण :** यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं, शेयरधारक को हमारे आरटीए, लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट पर लिंक https://linkintime.co.in/EmailReg/Email_Register.html पर जाना होगा और फिर कम्पनियों की सूची से **फीयम इंडस्ट्रीज लिमिटेड** सिलेक्ट करना होगा तथा उसमें मांगा गया विवरण भरना होगा तथा आवश्यक दस्तावेज अपलोड और सबमिट करने होंगे। यद्यपि, डीमैट रूप में शेयरों के धारक शेयरधारक अपना विवरण आरटीए के पास पंजीकृत/अद्यतित करवा सकते हैं, तथापि, ऐसे शेयरधारक के लिए अपना विवरण केवल डीपी के पास पंजीकृत/अद्यतित करवाना बेहतर होगा।

यदि कम्पनी किसी सदस्य को लाभांश का भुगतान सदस्य का बैंक खाता अपूर्ण होने के कारण इलेक्ट्रॉनिक विधि से करने में असमर्थ रहती है, तो कम्पनी ऐसे सदस्य को लाभांश वारंट/बैंकर्स चैक/डिमांड ड्राफ्ट, यथासंभव शीघ्र, अनुमत्य विधियों से प्रेषित करेगी।

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम के आयोजन, रिमोट ई–वोटिंग, एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के संबंध में किसी संदेह या शिकायत की स्थिति में सदस्य उसकी सूचना निम्नवर्णित पते पर/ कम्पनी के अधिकारी/आरटीए भेज सकते हैं :

| विवरण | फीयम इंडस्ट्रीज लिमिटेड | लिंक इन टाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
|---|---|---|
| पता | डी–34, डीएसआईडीसी पैकेजिंग कॉम्प्लेक्स, कीर्ति नगर, नई दिल्ली–110015 | सी–101, 247 पार्क एलबीएस मार्ग, विखराली, (पश्चिम) मुंबई 400083 |
| नाम और पदनाम | श्री अरविन्द के. चौहान, कम्पनी सचिव | श्री राजीव रंजन, सहायक उपाध्यक्ष |
| फोन | **+91–130–2367905 से 10 तक** | **+91–022–49186000** |
| ई–मेल आईडी | investor@fiemindustries.com | enotices@linkintime.co.in |

- **शेयरधारकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है, ई–वोटिंग इसको आसान बनाती है।**
- **शेयरधारकों को शेयरों के धारण, हस्तांतरण की आसानी और अन्य संबद्ध लाभों के लिए अपने भौतिक शेयर अभौतिक (डीमैटीरियलाइज्ड) रूप में बदलवा लेने की सलाह दी जाती है।**
- **शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने अदत्त लाभांश की मांग, उसको आईईपीएफ को अंतरित किए जाने से पूर्व ही कर लें। लाभांश/शेयर एक बार आईईपीएफ को अंतरित कर दिए जाने के बाद, दावेदार, निर्धारित प्रक्रिया अपना कर तथा आवश्यक दस्तावेज जमा करके ही उसको आईईपीएफ से मांगने का हकदार है।**

वास्ते फीयम इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./–
अरविन्द के. चौहान
कम्पनी सचिव

तिथि : 29 अगस्त, 2021
स्थान : राई, हरियाणा

12cm x 25cm